दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# नए भारत की आकांक्षा

संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जिम्मेदार ग्लोबल लीडर की तरह न सिर्फ भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के प्रति सरोकार दिखाया और अपनी चिंताएं साझा कीं। उनका कहना था कि भारत के विकास के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, उनका परिणाम पूरी दुनिया के लिए लाभदायक होगा। इस तरह हम पूरी दुनिया के सपने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिया है, वह विश्व बंधुत्व और शांति का पक्षधर है।

मोदी ने महात्मा गांधी का जि करते हुए कहा कि यह अवसर इसलिए भी विशेष है क्योंकि इस वर्ष पूरा विश्व महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती मना रहा है। उनका सत्य और अहिंसा का संदेश आज भी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने विवेकानंद का भी नाम लिया और कहा कि करीब सवा सौ साल पहले भारत के आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्व धर्म संसद को शांति और सौहार्द का संदेश दिया था, आज सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का भी दुनिया के लिए वही संदेश है- शांति और सौहार्द।

प्रधानमंत्री ने भारत के नव निर्माण अभियान की विस्तार से चर्चा की और बताया कि सरकार की कई योजनाएं देश की तस्वीर बदल रही हैं। इस म में उन्होंने आयुष्मान भारत, स्वच्छता अभियान और जनधन योजना की प्रगति के बारे में चर्चा की और कहा कि जन भागीदारी से जन कल्याण और जन कल्याण से जग कल्याण इनका मूल मंत्र है। मोदी ने महासभा को जानकारी दी कि भारत सरकार जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके तहत 15 करोड़ घरों को पानी की सप्लाई से जोड़ा जाएगा। एक विकासशील देश होने के बावजूद भारत दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम चलाता है। पांच सालों में भारत सरकार ने 11 करोड़ शौचालय बनवाए जिससे लोगों की जिंदगी में अहम बदलाव देखने को मिले हैं। भले ही दुनिया ने टीबी से मुक्ति पाने के लिए साल 2030 तक समय रखा हो लेकिन भारत में 2025 तक टीबी से पूर्ण मुक्ति का लक्ष्य रखा गया है।

इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए पूरे देश में एक बड़ा अभियान शुरू हो गया है। भारत विश्व स्तर पर भी सोलर ऐनर्जी को प्रोत्साहित करने का काम कर रहा है। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर आतंकवाद पर बात की और कहा कि हमारी आवाज में आतंक के खिलाफ दुनिया को सतर्क करने की गंभीरता भी है और आक्रोश भी। इस तरह प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को नए उभर रहे भारत की आकांक्षा से परिचित कराया। उन्होंने जो कुछ कहा, वह सही मायने में उस नए भारत का घोषणापत्र है, जो तरक्की के रास्ते पर पूरे विश्व के साथ मिलकर चलना चाहता है और दुनिया में अमन-चैन की स्थापना का पक्षधर है।

# त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्याज, टमाटर, लहसुन की महंगाई की मार झेल रहे उपभोक्ताओं को अब इस त्योहारी सीजन में चीनी, चना उड़द समेत कई जरूरी वस्तुओं के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। नवरात्र का त्योहार शुरू होते ही खासतौर से पूजा में काम आने वाली वस्तुओं में फूल और नारियल के दाम में जोरदार इजाफा हुआ है। दिल्ली में फूल का भाव जो चार दिन पहले 50-70 रुपये प्रति किलो था वह अब 200-300 रुपये प्रति किलो हो गया है। वहीं, 20 रुपये में बिकने वाला नारियल अब




25-30 रुपये बिकने लगा है। मखाना का भाव 800 रुपये प्रति किलो है। इसमें भी 50 रुपये प्रति किलो का इजाफा हुआ है।

त्योहारी सीजन चीनी और चने कीमतों में भी इजाफा हुआ है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की वेबसाइट पर दी गई खुदरा कीमतों सूची के अनुसार, चीनी का दाम बीते एक महीने सिर्फ एक रुपया प्रति किलो बढ़ा है, लेकिन कारोबारी ने बताया कि बीते एक महीने में चीनी का थोक भाव तकरीबन 300 रुपये प्रति कुंटल बढ़ गया है। मंत्रालय की कीमत सूची के अनुसार, दिल्ली में एक सितंबर को चीनी का खुदरा मूल्य 39 रुपये प्रति किलो था जबकि 30 सितंबर को 40 रुपये प्रति किलो।

वहीं, दिल्ली के चीनी कारोबारी सुशील कुमार ने बताया कि देश की राजधानी में सोमवार को चीनी का थोक भाव 3,780-3,930 रुपये प्रति कुंटल था जबकि खुदरा भाव 42-47 रुपये प्रति किलो चल रहा था। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में चना एक सितंबर को 73 रुपये प्रति किलो था जबकि 30 सितंबर को 74 रुपये प्रति किलो। उड़द की दाल एक महीने में 84 रुपये से बढ़कर 87 रुपये प्रति किलो हो गई है।

दिल्ली की लॉरेंस रोड मंडी में चने का भाव मंगलवार को 4,350 रुपये प्रति कुंटल था। कारोबारियों ने बताया कि पिछले एक महीने में चने के भाव में 200 रुपये से ज्यादा का इजाफा हुआ है। कारोबारियों ने बताया कि सितंबर में हुई भारी बारिश और बाढ़ के कारण सब्जियों की फसल नष्ट होने के कारण दाल की खपत बढ़ गई है और चना इस समय सबसे सस्ती दाल है जिसका उपयोग बेसन के रूप में अब ज्यादा होने लगा है क्योंकि मटर की दाल चने से महंगी है।

मंत्रालय की वेबसाई पर दी गई कीमत सूची के अनुसार हालांकि तुअर और मूंग के दाम में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन प्याज का भाव दिल्ली में एक महीने में 42 रुपये से बढ़कर 58 रुपये और टमाटर का भाव 37 रुपये से बढ़कर 45 रुपये प्रति किलो हो गया है।

गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले देशभर में प्याज का दाम आसमान छूने लगा था, जिसके बाद सरकार ने प्याज के दाम को काबू में रखने के लिए इसके निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ खुदरा और थोक कारोबारियों के लिए प्याज की स्टॉक सीमा तय कर दी है।

खुदरा व्यापारियों के लिए प्याज की स्टॉक सीमा 100 कुंटल जबकि थोक कारोबारियों के लिए 500 कुंटल तय की गई है। बीते एक महीने में देश में लहसुन की कीमत तकरीबन 40 फीसदी बढ़ी है।

## जेट एयरवेज से लेगी चार 737 मैक्स विमान पट्टे पर लेगी स्पाइसजेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सस्ती उड़ान सेवा देने वाली कंपनी स्पाइसजेट अब बंद हो चुकी जेट एयरवेज के चार बोइंग 737 मैक्स विमान पट्टे पर लेगी। सूत्रों के अनुसार स्पाइसजेट की सोमवार को यहां वार्षिक आम सभा हुई। इसमें कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने शेयरधारकों को चार मैक्स विमान पट्टे पर लेने का समझौता होने की जानकारी दी। यह कंपनी की विस्तार योजनाओं



का हिस्सा है। हालांकि स्पाइसजेट ने अपने 13 मैक्स विमानों को अभी खड़ा किया हुआ है। दुनियाभर में इन विमानों के उड़ान भरने पर इस साल मार्च से पाबंदी लगी है। इसकी वजह इन विमानों की दो भीषण दुर्घटनाएं हैं।

## महंगा हुआ रसोई गैस सिलिंडर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रसोई गैस महंगी हो गई है। यह लगातार दूसरा महीना है जब एलपीजी के दामों में बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को रेट बदलने के बाद घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलो) के बाजार भाव में करीब 15 रुपये की वृद्धि हुई है। दिल्ली में आज से बिना सब्सिडी वाले सिलिंडर के लिए आपको 605 रुपए चुकाने पड़ेंगे। कोलकाता में इसका दाम 630 रुपये है। वहीं मुंबई और चेन्नई में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलिंडर का दाम क्रमश- 574.50 और 620 रुपये है।

वहीं, 19 किलोग्राम सिलिंडर की कीमत दिल्ली में 1085 रुपये हो गई है। कोलकाता में 1139.50 रुपये, मुंबई में 1032.50 रुपये और चेन्नई में इसका दाम 1199 रुपये है।

बता दें इससे पहले सितंबर में दिल्ली में 14.2 किलो का बिना सब्सिडी वाला सिलिंडर 590 रुपये का था। कोलकाता में इसका दाम 616.50 रुपये था।



वहीं मुंबई और चेन्नई में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलिंडर का दाम क्रमश- 562 और 606.50 रुपये था। वहीं, 19 किलोग्राम सिलिंडर की कीमत दिल्ली में 1054.50 रुपये थी। कोलकाता में पिछले महीने यह 1114.50 रुपये, मुंबई में 1008.50 रुपये और चेन्नई में 1174.50 रुपये था।

## तेजस के लेट होने पर यात्रियों को मिलेगा कंपनसेशन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की पहली प्राइवेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस का संचालन 4 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। हालांकि शुरू होने से पहले ही यह ट्रेन खासी सुर्खियां बटोर चुकी है। इसका कारण है इसकी खूबियां। लखनऊ से दिल्ली के बीच शुरू की जा रही इस ट्रेन में यात्रियों को कई खास तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। तेजस एक्सप्रेस देश की पहली ऐसी ट्रेन होगी जिसके लेट होने पर यात्रियों को कंपनसेशन दिया जाएगा। यदि ट्रेन दिल्ली से लखनऊ या लखनऊ से दिल्ली के सफर में 1 घंटे लेट होती है तो तेजस में यात्रा कर रहे हर मुसाफिर को 100 रुपये का



कंपनसेशन दिया जाएगा। इसी तरह यदि ट्रेन गंतव्य तक पहुंचने में दो घंटे या इससे ज्यादा लेट होती है तो प्रत्येक यात्री को 250 रुपये दिए जाएंगे। यात्रियों को यह कंपनसेशन आईआरसीटीसी की तरफ से दिया जाएगा।

## इस महीने 11 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अक्टूबर का महीना त्योहारों से भरा हुआ है। ऐसे में दशहरा, दिवाली, छठ सहित कई त्योहार इस महीने में पड़ रहे हैं। इसलिए इस महीने बैंकों को




सिर्फ 21 दिन की कामकाज होगा बाकि के 11 दिन बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में आप इन दिनों को ध्यान में रख कर ही अपनी जरूरतों के हिसाब से प्लानिंग करें।

2 अक्तूबर को गांधी जयंती, 6 अक्तूबर को रविवार, 7 को महानवमी और 8 को दशहरा की छुट्टी रहेगी। 6 से लेकर 8 अक्टूबर तक बैंक लगातार बंद रहेंगे। ऐसे में इन दिनों में एटीएम में भी कैश भरने में मुश्किल होगी। इसको ध्यान में रखते हुए अपनी बैंकिंग जरूरतों को पहले ही पूरा कर लें।

12 और 13 अक्तूबर को दूसरा शनिवार और रविवार रहेगा। ऐसे में इन दिनों में भी बैंक बंद रहेंगे। वहीं 20 अक्तूबर को रविवार है। 26 अक्तूबर को चौथा शनिवार, 27 अक्तूबर रविवार को दीपावली, सोमवार 28 को गोवर्धन पूजा और मंगलवार 29 अक्तूबर को भाईदूज की छुट्टी रहेगी।

बात करें नवंबर महीने की तो इस महीने में भी बैंकों में एक बार लगातार तीन दिन तक बैंकों में छुट्टी रहेगी। 9 नवंबर को दूसरा शनिवार, 10 नवंबर को रविवार और 11 नवंबर सोमवार को गुरुनानक जयंती पर बैंक बंद रहेंगे। हालांकि गुरुनानक जयंती के कुछ राज्यों में बैंक खुले भी रह सकते हैं।

## साउथ अफ्रीका के साथ पहले टेस्ट के प्लेइंग इलेवन का ऐलान, पंत बाहर-रिद्धिमान साहा को मिला मौका

**विशाखापत्तनम।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने साफ कर दिया है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में ऋषभ पंत नहीं खेलेंगे। उनकी जगह रिद्धिमान साहा विकेट कीपिंग की कमान संभालेंगे। कोहली ने मंगलवार को कहा कि बंगाल के क्रिकेटर साहा 'दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर' बने हुए हैं। वह चोट के कारण लंबे समय तक टीम से बाहर रहे और अगस्त में



वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट की सीरीज के साथ स्क्वॉड में वापसी की थी। बता दें कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से विशाखापत्तनम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। वहीं, स्पिनर आर. अश्विन ने भी टीम में वापसी की है।

रिद्धिमान साहा को हालांकि वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिला और दोनों ही मैचों में पंत ने विकेटकीपर की भूमिका निभाई। कोहली ने पहले टेस्ट से पूर्व कहा, 'हां, साहा फिट हैं और खेलने को तैयार हैं, वह हमारे लिए सीरीज की शुरुआत करेंगे। उनकी विकेटकीपिंग से सभी वाकिफ हैं। उन्हें जब भी मौका मिला, उन्होंने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि चोट के कारण वह बाहर रहे। मेरे अनुसार वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर हैं। इन हालात में वह हमारे लिए सीरीज की शुरुआत कर सकते हैं।'

साहा ने अपना पिछला टेस्ट जनवरी 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उनकी गैरमौजूदगी में पंत ने जिम्मेदारी संभाली और इंग्लैंड तथा ऑस्ट्रेलिया में शतक के साथ खेल के लंबे प्रारूप में टीम की पहली पसंद बन गए। पिछले कुछ समय में हालांकि पंत को खराब शॉट चयन के कारण आलोचनाओं का सामना करना पड़ा और शायद यह भी एक कारण है कि टीम प्रबंधन ने सीरीज की शुरुआत साहा के साथ करने का फैसला किया।

## आज का राशिफल

*मेषः-* कोई नया काम या रोजगार शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें, सफलता मिलेगी। कारोबार में लाभ से मन आनंदित होगा। कुछ नए संपर्क भी आज बनने वाले हैं।

*वृषभः-* ग्रह-नक्षत्र आपको आरंभिक संघर्ष के बाद सफलता दिलाएंगे। कोई नया आर्डर अथवा कॉन्ट्रेक्ट मिलने की संभावना है। शत्रु बलहीन रहेंगे। उन्नतिकारक दिन है, परिश्रम से अधिक सफलता मिलेगी।

*मिथुनः-* बुद्धि और चतुराई का लाभ आपको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त होगा। आज अपनी प्रतिभा का पूर्ण लाभ ले सकेंगे। नई योजनाओं पर काम कर सकते हैं, लाभ मिलेगा। मनोरंजन कार्य पर खर्च होगा।

*कर्कः-* आज वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक वाद-विवाद से बचें। किसी कारण से मन बेचैन हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। सुनी-सुनाई बातों पर विश्वास और अमल न करें।

*सिंहः-* आज आपके पराक्रम और उत्साह में वृद्धि होगी और आपका मनोबल बढ़ेगा। लंबे समय से अटका काम आज पूरा कर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र में मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

*कन्याः-* किसी बात को लेकर आपका मन दुविधा में रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम रह सकता है। लेन-देन के कार्यों में सावधान रहें। आज किसी को उधार न दें, क्योंकि आज दिए हुए धन को वापस आने की संभावना कम है।

*तुलाः-* आपकी राशि में ग्रहों का अच्छा संयोग बना है। आज प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। मंदिर या धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

*वृश्चिकः-* आज खर्च की अधिकता रहेगी। मन को संयमित रखें नहीं तो कुछ अनावश्यक खर्च भी हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

*धनुः-* आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। मंदिर या तीर्थस्थल की यात्रा कर सकते हैं। काम-काम में रुचि रहेगी।

*मकरः-* आपके लिए आज का दिन उत्साहवर्धक है। आप ऑनलाइन खरीदारी कर सकते है। घर में सुख के साधन बढेंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

*कुंभः-* आज धर्म-कर्म में आपकी रुचि रहेगी। दिन का आरंभ आध्यात्मिक चिंतन से हो सकता है। समाज में मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

*मीनः-* आज आपको किसी प्रकार का जोखिम लेने से बचना चाहिए। महत्वपूर्ण कार्यों को ध्यान से करें, नहीं तो बाद में परेशानी होगी। यात्रा की योजना हो सके तो आज टाल दें और वाहन सावधानी से चलाएं।

## शेजवान करेला बनाने की विधि...



### आवश्यक सामग्रीः

2 करेला
1प्याज बारीक कटा हुआ
हल्दी नमक स्वाद अनुसार
आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
1चम्मच टॉमेटो कैचअप
2 चम्मच शेजवान चटनी
2 चम्मच तेल
5,6 लहसुन की कलियां बारीक कटा हुआ


### बनाने की विधिः

सबसे पहले करेला को बारीक काटले और नमक मिलाकर 10 मिनट के लिए रखदें। अब करेला को निचोड़ लें फिर एक कढ़ाई में तेल गरम करें और सबसे पहले लहसुन को भुनलें फिर करेला व प्याज डालदें और अच्छी तरह से चलाएं व स्लो आंच पर ढककर करेला को नरम हो ने दें। उसके बाद हल्दी,जरूरत के हिसाब से नमक, लाल मिर्च पाउडर, टॉमेटो केचअप व शेजवान चटनी डालकर अच्छी तरह से चलाएं। फिर थोड़ी देर पकने दें और गरमा गरम रोटी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 03

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 02 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू- 03

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 02 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |